# पर्यटन अध्ययन

## बीटीएस
## तृतीय वर्ष

# सत्रीय कार्य पुस्तिका
# (2015)

# टीएस–3, टीएस–6 और टीएस–7

पर्यटन एवं आतिथ्य सेवा प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

# बीटीएस सत्रीय कार्य

## पर्यटन अध्ययन सत्रीय कार्य

प्रिय विद्यार्थी,

आपको पर्यटन अध्ययन के प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक अध्यापक जांच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना है।

सत्रीय कार्य को करने से पहले कृपया पर्यटन अध्ययन की कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। हम आपको टीएस–3, टीएस–6 और टीएस–7 के सत्रीय कार्य भेज रहे हैं।

नोटः सभी सत्रीय कार्यों को समय पर अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें। अपने सत्रीय कार्य के मुख पृष्ठ पर अपनी नामांकन सं., नाम, पता, सत्रीय कार्य कोड एवं अध्ययन केंद्र कोड लिखें।

जमा कराए गए सत्रीय कार्य के बदले में अपने अध्ययन केंद्र से उसकी रसीद प्राप्त कर लें। यदि संभव हो तो सत्रीय कार्य की एक प्रति अपने पास रखें।

मूल्यांकन के बाद, अध्ययन केंद्र द्वारा आपको सत्रीय कार्य वापस भेजा जाना अपेक्षित है। कृपया इसके लिए अनुरोध करें और रिकॉर्ड के रूप में इसे अपने पास रखें। अध्ययन केंद्र सत्रीय कार्यों के अंकों को विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजता है।

### सत्रीय कार्य करने के लिए निर्देश

हम आपसे प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500–700 शब्दों के बीच देने अथवा जैसा सत्रीय कार्य में उल्लेख किया गया है, के अनुसार देने की आशा करते हैं। निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखना आपके लिए उपयोगी होगाः

1) योजना बनानाः सत्रीय कार्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। उन इकाइयों का अध्ययन करें जिन पर ये सत्रीय कार्य आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ बातें नोट कर लें और तत्पश्चात उन्हें तर्कसंगत क्रम से व्यवस्थित करें।

2) संगठनः अपने उत्तरों की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले उनके चयन और विश्लेषण पर थोड़ा अधिक ध्यान दें। निबंध जैसे किसी प्रश्न का उत्तर देते समय प्रस्तावना और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें। यह सुनिश्चित करें किः
   - क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है।
   - ख) उत्तर के वाक्यों और अनुच्छेदों/पैराग्राफों के बीच स्पष्ट संबंध है।
   - ग) आपने अपनी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति को उपयुक्त महत्व देते हुए उत्तर सही–सही लिखा है।

3) प्रस्तुतिः जब आपको अपने उत्तर संतोषजनक लगें तो आप उन्हें भेजने के लिए अंतिम रूप देकर लिख लें। प्रत्येक उत्तर स्पष्ट रूप से लिखें और जिन बिंदुओं पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित करें।

शुभकामनाओं सहित,

डॉ.अरविन्द कुमार दुबे
कार्यक्रम संयोजक, बीटीएस

### सत्रीय कार्य जमा कराने की अनुसूची

| अनिवार्य पाठ्यक्रम | जनवरी सत्र के लिए अंतिम तिथि | जुलाई सत्र के लिए अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| टीएस–3 | अप्रैल 15, 2015 | अक्तूबर 15, 2015 |
| टीएस–6 | अक्तूबर 15, 2015 | अप्रैल 15, 2016 |
| टीएस–7 | अक्तूबर 15, 2015 | अप्रैल 15, 2016 |

# टीएस–3 : पर्यटन में प्रबंध

(अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)

पाठ्यक्रम कोड : टीएस–3 | कार्यक्रम : बीटीएस

कुल अंक : 100 | सत्रीय कार्य कोड : टीएस–3/टीएमए/2015

नोटः इस सत्रीय कार्य के दो भाग हैं।

भाग–I में दो प्रश्न हैं, जिनमें से आपको किसी एक का उत्तर देना है। यह प्रश्न 25 अंक का है और इसका उत्तर लगभग 700 शब्दों में लिखें।

भाग–II में आठ प्रश्न हैं। जिनमें से किन्हीं पॉच प्रश्नों के उत्तर देने हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में लिखें। प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का है।

अपना टीएमए अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।

---

## भाग–I

1. सूचना प्रबंधन से आप क्या समझते हैं? पर्यटन उद्योग में सूचना प्रौद्योगिकी के महत्व की चर्चा कीजिए। 25

अथवा

2. विपणन में जन संपर्क का क्या महत्व है? इसके साथ ही भारत में पर्यटन के संबंध में जन संपर्क को किन बाधाओं का सामना करना पड़ता है? 25

---

## भाग–II

1. संगठन की संरचना से आप क्या समझते हैं? संगठन के प्रति क्लासिकीय उपागम/दृष्टिकोण की चर्चा कीजिए। 15

2. एकल स्वामित्व से आप क्या समझते हैं? एकल स्वामित्व के लाभों की चर्चा कीजिए। 15

3. मानव संसाधन विकास को परिभाषित कीजिए और पर्यटन उद्योग के लिए इसके मूल्यवान महत्व की चर्चा कीजिए। 15

4. बैलेंश शीट से आप क्या समझते हैं और इसके उद्देश्यों की पहचान कीजिए। 15

5. निम्नलिखित पर संक्षेप में टिप्पणी लिखिएः
   (क) काम का विभाजन और विभागीकरण (3x5=15)
   (ख) नियंत्रण की सीमा और प्राधिकरण का प्रत्यायन
   (ग) नियंत्रण के प्रकार

6. होटल व्यवसाय की विशेषताओं की चर्चा कीजिए। 15

7. हवाई सेवाओं के प्रचालन में समय–सारणी का क्या महत्व है? एक एयरलाइन को जिन प्रमुख चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, उन्हें सूचीबद्ध कीजिए। 15

8. बिजनेस ट्रैवल को आप किस प्रकार परिभाषित करेंगे? गंतव्य स्थलों के लिए व्यापारी यात्रियों से क्या लाभ हैं? 15

# टीएस–6 : पर्यटन विपणन

(अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)

पाठ्यक्रम कोड : टीएस–6 | कार्यक्रम : बीटीएस

कुल अंक : 100 | सत्रीय कार्य कोड : टीएस–6 / टीएमए / 2015

नोटः इस सत्रीय कार्य के दो भाग हैं।

भाग–। में दो प्रश्न हैं, जिनमें से आपको किसी एक का उत्तर देना है। यह प्रश्न 25 अंक का है और इसका उत्तर लगभग 700 शब्दों में लिखें।

भाग–।। में आठ प्रश्न हैं। जिनमें से किन्हीं पॉच प्रश्नों के उत्तर देने हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में लिखें। प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का है।

अपना टीएमए अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।

---

भाग–।

1. पर्यटन विपणन में बाजार विखंडीकरण की संकल्पना और आवश्यकता का वर्णन कीजिए। चर्चा कीजिए कि किस प्रकार पर्यटन बाजारों को विखंडीकृत किया जा सकता है। 25

अथवा

2. विभिन्न पर्यटक स्थलों पर गैर सरकारी संगठनों द्वारा निभाई गई भूमिका की चर्चा कीजिए। 25

---

भाग–।।

1. उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से एकाधिकारी (मोनोपॉलिस्टिक) और अल्पाधिकारी (ओलिगोपॉलिस्टिक) प्रतियोगिता के बीच अंतर बताइए। 15

2. पर्यटन व्यापार (ट्रेड) में प्रौद्योगिकी के महत्व की चर्चा कीजिए 15

3. ''पर्यटन को बढ़ावा देने में भोजन (Cuisine) की एक प्रमुख भूमिका होती है''। इस कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए। 15

4. पर्यटन विपणन मिश्रण के मूल तत्वों की चर्चा कीजिए। 15

5. एफ.ए.एम. टूर क्या हैं? पर्यटन उद्योग में एफ.ए.एम. टूर के महत्व की चर्चा कीजिए। 15

6. 'पर्यटन विपणन में 'कमीशन / दलाली' की भूमिका की चर्चा कीजिए। 15

7. किसी पर्यटन उत्पाद के लिए कीमत निर्धारण की रणनीति का विकास करते समय ''लागत'' और ''मॉग'' के प्रभाव का वर्णन कीजिए। 15

8. एयरलाइन विपणन की विभिन्न विशेषताओं की चर्चा कीजिए। एयरलाइन व्यवसाय के लिए एक उपयुक्त विपणन योजना के होने के लाभों को रेखांकित कीजिए। 15

# टीएस–7 : मानव संसाधन विकास

(अध्यापक जॉच सत्रीय कार्य)

पाठ्यक्रम कोड : टीएस–7 | कार्यक्रम : बीटीएस

कुल अंक : 100 | सत्रीय कार्य कोड : टीएस–7/टीएमए/2015

नोटः इस सत्रीय कार्य के दो भाग हैं।

भाग–। में दो प्रश्न हैं, जिनमें से आपको किसी एक का उत्तर देना है। यह प्रश्न 25 अंक का है और इसका उत्तर लगभग 700 शब्दों में लिखें।

भाग–।। में आठ प्रश्न हैं। जिनमें से किन्हीं पॉच प्रश्नों के उत्तर देने हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में लिखें। प्रत्येक प्रश्न 15 अंक का है।

अपना टीएमए अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक को भेजें।

भाग–।

1. मानव संसाधन नियोजन के गुणात्मक आयामों का विस्तार से वर्णन कीजिए। पर्यटन के क्षेत्र में मानव संसाधन नियोजन के महत्व की उदाहरणों के साथ चर्चा कीजिए। 25

अथवा

2. कर्मचारी अभिप्रेरण से आप क्या समझते हैं? कर्मचारी अभिप्रेरण, रोजगार संवृद्धि और उत्पादकता के बीच क्या संबंध है? 25

भाग–।।

1. बृहत और सूक्ष्म पूर्वानुमान क्या है? श्रम शक्ति पूर्वानुमान में प्रयोग की जाने वाली तकनीकों का वर्णन कीजिए। 15

2. पर्यटन और आतिथ्य सत्कार उद्योग से प्रासंगिक उदाहरण देते हुए भर्ती की प्रक्रिया और विधियों का वर्णन कीजिए। 15

3. किसी संगठन के विभिन्न अनुशासनिक मुद्दों का वर्णन कीजिए। साथ ही उनकी देखभाल करने की संभावित कार्रवाइयों का उल्लेख भी कीजिए। 15

4. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर संक्षेप में टिप्पणी लिखिएः
   (क) काम का वर्णन/चित्रण (5x3=15)
   (ख) कार्य का विश्लेषण
   (ग) स्थानांतरण नीति
   (ग) चयन की प्रक्रिया

5. कार्य–निष्पादन मूल्यांकन क्या है? कार्य–निष्पादन मूल्यांकन की विभिन्न विधियां कौन–सी हैं? 15

6. परामर्श से आप क्या समझते हैं? कर्मचारियों को परामर्श देने की क्या आवश्यकता है? 15

7. आतिथ्य सत्कार और पर्यटन उद्योग में महिलाओं की स्थिति पर संक्षेप में टिप्पणी लिखिए। 15

8. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर संक्षेप में टिप्पणी लिखिएः
   (क) वेतन प्रशासन के सिद्धांत (5x3=15)
   (ख) प्रशिक्षण की विधियां
   (ग) शिकायतों का समाधान
   (ग) मानव संसाधन का मूल्यांकन/परीक्षण